मध्यप्रदेश शासन
गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक : एफ–1–10/2015/दो–ए(3) भोपाल, दिनांक 24 फरवरी, 2015

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल,
समस्त विभागाध्यक्ष,
कलेक्टर, भोपाल,

विषय :– संपदा संचालनालय भोपाल द्वारा विकसित किए गए वेबबेस्ड सॉफ्टवेयर के उपयोग के संबंध में।

संपदा संचालनालय, भोपाल द्वारा भोपाल में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु 'एफ', 'जी', 'एच' एवं 'आई' श्रेणी के आवासों का आवंटन किया जाता है। संपदा संचालनालय की आवास आवंटन प्रक्रिया को ऑनलाइन करने हेतु विभाग द्वारा एक वेबबेस्ड सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, ताकि 'एफ' से 'आई' श्रेणी के समस्त मकानों हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया जा सके एवं संबंधित कार्यालय से ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन कर संपदा कार्यालय को प्रेषित किया सके। यह पोर्टल www.mpsampada.in पर होस्ट है।

2. शासकीय सेवक द्वारा प्रस्तुत आवेदन का कार्यालय प्रमुख/अधिकृत अधिकारी द्वारा सत्यापन अत्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि आवेदन में दी गयी प्रस्तुत जानकारी ही आवंटन हेतु पात्रता निर्धारण का आधार होती है। अतः Spurious आवेदन/सत्यापन का अग्रेषण न हो सके, इसके लिये निम्न व्यवस्था की गई है :–

(अ) भोपाल स्थित प्रत्येक कार्यालय का username और password तैयार किया गया है। कार्यालय प्रमुख पहली बार उपयोग के बाद password परिवर्तित कर लेंगे।

(ब) जिन कार्यालय प्रमुखों के पास डिजीटल सिग्नेचर की सुविधा उपलब्ध है, वे आवेदन के अग्रेषण हेतु इस सुविधा का उपयोग करें। जिन कार्यालय के प्रमुखों को डिजीटल सिग्नेचर की सुविधा उपलब्ध नहीं है वे OTP सुविधा के माध्यम से आवेदन का सत्यापन कर सकेंगे, इस हेतु कार्यालय प्रमुख का मोबाईल नम्बर पोर्टल पर रजिस्टर किया जावेगा एवं उसी मोबाईल नम्बर पर OTP सुविधा का संचालन किया जावेगा।

(स) यदि कार्यालय प्रमुख किसी भी कारण से OTP का उपयोग नहीं करना चाहते हैं तो फिलहाल पूर्ववत् मैन्युअल तरीके से सत्यापन का कार्य किया जा सकता है। परंतु कार्यालय में डिजीटल सिग्नेचर की सुविधा उपलब्ध होने के बाद सिर्फ ऑनलाइन अग्रेषण की व्यवस्था लागू किया जाना प्रावधानित है।

अतः आवश्यक है कि आपके अधीन भोपाल स्थित सभी कार्यालयों को इस संबंध में कार्यवाही हेतु प्रशिक्षित किया जाय। इसके लिये आपसे अनुरोध है कि इस वेब पोर्टल का सही रूप से उपयोग हो सके इस हेतु अपने विभाग से कम्प्यूटर प्रशिक्षित एक नोड़ल अधिकारी नियुक्त कर अवगत कराने का कष्ट करें ताकि विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस सॉफ्टवेयर का बेहतर ढंग से उपयोग हेतु प्रशिक्षित किया जा सके।

(बी.पी.सिंह)
प्रमुख सचिव
मध्य प्रदेश शासन,गृह विभाग